**Seventeenth Loksabha**

p>

Title: Need to bring Nanded Railway Division under Central Railway Zone -laid.

**श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़):** नांदेड़-रेल मण्डल वर्षों से दक्षिण-मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है एवं नांदेड़ जिले एवं आसपास की रेल संबंधी समस्याओं को लेकर दक्षिण-मध्य रेलवे मुख्यालय सिकन्दराबाद जाना पड़ता है । सिकन्दराबाद आंध्र प्रदेश में आता है तथा नांदेड़ रेल मण्डल का पूरा का पूरा हिस्सा महाराष्ट्र के अंतर्गत आता है । जबकि महाराष्ट्र में मध्य रेलवे का मुख्यालय मुंबई में है, तो क्यों नहीं सरकार द्वारा नांदेड़ रेल मण्डल को मध्य रेल जोन से जोड़ दिया जाता है । यह मांग नांदेड़ मण्डल की जनता एवं संबंधित रेलवे के परामर्शदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों, हर वर्ग की वर्षों से मांग रही है । एक यह भी इसका मुख्य कारण है कि महाराष्ट्र राज्य में स्थित सारा स्टाफ आम जनता का अपने ही प्रदेश के कार्यकाल के तरीके, भाषा, किसी भी विषयों को लेकर आना-जाना इत्यादि विषयों को लेकर मध्य रेलवे (मुंबई) मुख्यालय से नांदेड़ रेल मंडल के मध्य रेलवे जोन, मुंबई महाराष्ट्र से जुड़ने पर सहूलियत रहेगी । इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि जनहित में नांदेड़ रेल मण्डल को मध्य रेलवे से जोड़ने हेतु गंभीरता से विचार करें इससे सभी समस्याओं का समाधान होने में सुविधा होगी ऐसा मेरा विचार है । सरकार इस पर अवश्य अपना ध्यानाकर्षण करेगी ऐसी मुझे आशा है ।